पाठ–1

परमेश्वर आपको जानता है और आपको प्यार करता है

परमेश्वर के बारे में यह सीखिए :

परमेश्वर के पास एक पुस्तक है जिसे बाइबल या पवित्र बाइबल कहा जाता है।
परमेश्वर बाइबल में स्वयं के विषय में सत्य बातें बताता है।
परमेश्वर सदा से है और सदाकाल तक रहेगा।
परमेश्वर कुछ भी कर सकता है। उसी ने समस्त संसार को बनाया।
परमेश्वर हर जगह है और वह सब कुछ जानता है।
परमेश्वर ने आपको बनाया। वह आपको जानता है और आपसे प्रेम करता है।
परमेश्वर भला (अच्छा) है। जब आप उसे जानते हैं तो उससे प्रेम करते हैं।

ये शब्द बाइबल में से हैं इन्हें पांच बार जोर ज़ोर से पढ़िए

"परमेश्वर प्रेम है। हम इसलिए प्रेम करते हैं, क्योंकि पहले उसने हमसे प्रेम किया।"
यूहन्ना 4:16, 19.

क्या आप यह कर सकते हैं ?

1. हम क्यों परमेश्वर से प्रेम करते हैं ?
   क्योंकि प......उसने हम से.......किया।

2. कौन सी पुस्तक परमेश्वर के बारे में सत्य बातें बताती है ?
   प............बा............

सही उत्तर ये हैं :
1. पहिले, प्रेम 2. पवित्र बाइबल
क्या आपने इन्हीं शब्दों को रिक्त स्थान में लिखा था ?

बाइबल आपको बताती है कि परमेश्वर किसके समान है।

* इस चिन्ह से आरम्भ व इसी * चिन्ह से अन्त होने वाले प्रत्येक शब्दों के नीचे रेखा खींच दें।

*** परमेश्वर सदा से है और सदाकाल तक रहेगा। ***

संसार (जगत) की सृष्टि से पहिले,
आकाशमण्डल और बादलों से पूर्व,
* सूर्य, चन्द्रमा और तारागणों से पूर्व परमेश्वर था। *



परमेश्वर सब कुछ कर सकता है
परमेश्वर ने संसार की सृष्टि की

परमेश्वर ने चट्टानों और पर्वतों को बनाया।
परमेश्वर ने झील और नदियाँ बनायीं।
परमेश्वर ने वृक्ष और फूल बनाए।
परमेश्वर ने जानवरों और मनुष्यों को बनाया
परमेश्वर ने आपको बनाया।

बाइबल आपको बताती है कि परमेश्वर हर जगह है।

जैसे कि आप हवा में सांस लेते हैं उसी
प्रकार परमेश्वर आपके चहुं ओर है।
आप हवा को देख नहीं सकते।
आप परमेश्वर को नहीं देख सकते।
परन्तु परमेश्वर आपको देख सकता है।
परमेश्वर आपकी सुन सकता है।
परमेश्वर आपसे बात कर सकता है।
परमेश्वर आपको जानता है और
आपको प्यार करता है।

बाइबल आपको बताती है कि परमेश्वर सब कुछ जानता है।

आप जो कुछ भी करते हैं वह सब परमेश्वर देखता है।
आप जो कुछ भी बोलते हैं वह सब परमेश्वर सुनता है।
आप जो कुछ भी सोचते हैं और महसूस करते हैं वह सब परमेश्वर जानता है। आपके लिए सबसे उत्तम क्या है यह परमेश्वर जानता है। परमेश्वर प्रत्येक वस्तु की सच्चाई को जानता है। परमेश्वर बाइबल में आपको सत्य बातें बताता है।



जैसा उसने आपको बनाया उसी रूप में परमेश्वर आपसे प्यार करता है।

कुछ लोगों के चकत्ते (दाग) हैं। कुछ लोगों के घुंघराले बाल हैं। कुछ लोगों के सीधे बाल हैं।

कुछ लोग नाटे और मोटे हैं।
कुछ लोग लम्बे और दुबले हैं।
इससे कोई अन्तर नहीं पड़ता।
आप जैसे भी हैं परमेश्वर आपसे प्रेम करता है।
नीचे दिये गए रिक्त स्थान में अपना नाम लिखें।
......................को परमेश्वर प्यार करता है।

बाइबल आपको बताती है कि परमेश्वर भला (अच्छा) है।

परमेश्वर आपकी सहायता करना चाहता है। परमेश्वर आपको अच्छा और प्रसन्न बनाना चाहता है। परमेश्वर आपको बुद्धिमान और शक्तिशाली बनाना चाहता है। परमेश्वर आपको भला और सहायता करने वाला बनाना चाहता है।

जब आप परमेश्वर को जानते हैं तो उसे प्यार करते हैं।

परमेश्वर चाहता है कि जैसे वह आप से प्रेम करता है वैसे ही आप भी उससे प्रेम करें। निम्न शिक्षाएँ परमेश्वर को जानने और उससे प्रेम करने में आपकी सहायता करेंगी।

क्या आप परमेश्वर को जानना चाहते हैं?
क्या आप अच्छे और प्रसन्न बनना चाहते हैं?
क्या आप बुद्धिमान और ताकतवर बनना चाहते हैं?
क्या आप भले और सहायता करने वाले बनना चाहते हैं?

आप परमेश्वर से बातचीत कर सकते हैं।
परमेश्वर वहीं जहाँ आप हैं आपके साथ होगा और आपकी सुनेगा।
परमेश्वर से बातचीत करना प्रार्थना है।
इस प्रार्थना को याद करें और परमेश्वर से कहें (करें):

प्रार्थना

परमेश्वर, मैं आपको जानना चाहता हूँ
और जैसे आप मुझे प्यार करते हैं
मैं भी आपको प्यार करता हूँ।
इसीलिए इन शिक्षाओं (पाठों) को सीखने में कृपा
करके मेरी सहायता करें।
और मुझे जैसा होना चाहिए उसी तरह का बनाएँ।'